# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीतापुर प्रथम पाली
## द्वितीय आवधिक परीक्षा 2024- 25

कक्षा-10    विषय। हिंदी

समय - 1:30घंटे।
पूर्णांक - 40

प्रश्न 1-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के अनुसार विकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चयन कीजिए । 1× 3=3

हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं, जहाँ एक तरफ भौतिक समृद्धि अपनी ऊँचाई पर है, तो दूसरी तरफ चारित्रिक पतन की गहराई है। आधुनिकीकरण में उलझा मानव सफलता की नित नई परिभाषाएँ खोजता रहता है और अपनी अंतहीन इच्छाओं के रेगिस्तान में भटकता रहता है। ऐसे समय में सच्ची सफलता और सुख-शांति की प्यास से व्याकुल व्यक्ति अनेक मानसिक रोगों का शिकार बनता जा रहा है। हममें से कितने लोगों को इस बात का ज्ञान है कि जीवन में सफलता प्राप्त करना और सफल जीवन जीना, यह दोनों दो अलग-अलग बातें हैं । यह जरूरी नहीं कि जिसने अपने जीवन में साधारण कामनाओं को हासिल कर लिया हो, वह पूर्णत: संतुष्ट और प्रसन्न भी हो। अत: हमें गंभीरतापूर्वक इस बात को समझना चाहिए कि इच्छित फल को प्राप्त कर लेना ही सफलता नहीं है।

(क)हम कैसे युग में जी रहे हैं?

(i) जहाँ भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होने के साथ-साथ चरित्र का पतन भी होता जा रहा है।

(ii) जहाँ हर प्रकार की सुख-सुविधाएँ हैं, तो साथ ही बहुत-सी समस्याएँ भी है।

(iii) जहाँ मनुष्य प्रतिदिन सफलता के नए-नए प्रतिमान गढ़ता जा रहा है।

(iv) जहाँ मनुष्य केवल और केवल पतनोन्मुख होता जा रहा है।

(ख) जीवन में क्या आवश्यक नहीं है?

(i) सफलताओं को प्राप्त करने के बाद कोई असफल न हुआ हो

(ii) जीवन में हर मुकाम हासिल हो गया हो

(iii) जिसने जीवन में अपनी सामान्य इच्छाओं की पूर्ति कर ली हो, वह संतुष्ट और प्रसन्न भी हो

(iv) जो भौतिक रूप से समृद्ध है, वह आध्यात्मिक रूप से भी समृद्ध हो

(ग)कथन (A) मनुष्य मानसिक रोगों का शिकार होता जा रहा है।
कारण (R) मनुष्य अपने कार्य से असंतुष्ट रहता है।

(i) कथन A गलत है, कितु कारण R सही है।

(ii) कथन A और कारण R दोनों गलत है।

(iii) कथन A और कारण R दोनों सही हैं तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।

(iv) कथन A और कारण R दोनों सही हैं, परंतु कारण R कथन A की सही व्याख्या नहीं करता है।

प्रश्न 2.निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर सवांधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।   1× 3=3

हम धरती के बेटे बड़े कमेरे हैं।
भरी थकन में सोते फिर भी-उठते बड़े सवेरे हैं।
धरती की सेवा करते हैं  ,कभी न मेहनत से डरते हैं
लू हो चाहे ठण्ड सयानी,चाहे झर-झर बरसे पानी,
ये तो मौसम हैं हमने,गाते नई फ़सल के रसिया,

धरती को साड़ी पहनाते ,दूर-दूर तक भूख मिटाते,
मुट्ठी पर दानों को रखकर,तूफ़ानों के मुँह फेरे हैं।

(i) "हम धरती के बेटे बड़े कमेरे हैं !' में कमेरे से आशय है-

(क) परिश्रमी। (ख) काम के। (ग) किसान। (घ) मजदूर

(ii) "हम किसानों ने धरती को फूसलों के आवरण से ढक दिया है।' निम्नलिखित किस पंक्ति का यह आशय है-

(क) तूफानों के मुँह फेरे हैं। (ख) रखवाले अपने खेतों के

(ग) धरती को साड़ी पहनाते। (घ) दूर-दूर तक भूख मिटाते

(iii) उपरोक्त पंक्तियों का उचित शीर्षक चुनिए।

(क) हरियाली। (ख) खेत

(ग) फसल। (घ) किसान

प्रश्न 3- निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सवाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। 1/2× 4=2 बार-बार सोचते, क्या होगा उस कौम का जो अपने देश की खातिर घर-गृहस्थी, जीवन-ज़िद्गी सब कुछ छोड़ देने वालों पर भी हैसती है और अपने लिए बिकने के मौके ढूँढती है। दु;खी हो गए। पंद्रह दिन बाद फिर उसी कस्बे से गुज़रे। कस्बे में घुसने से पहले ही ख्याल आया कि कस्बे कि हृदयस्थली में सुभाष की प्रतिमा अवश्य ही प्रतिस्थापित होगी, लेकिन सुभाष की आँखों पर चश्मा नहीं होगा….! क्योकि मास्टर बनाना भूल गया।… और कैप्टन मर गया। सोचा, आज वहाँ रुकेंगे नहीं, पान भी नहीं खाएँगे, मूर्ति की तरफ़ देखेंगे भी नहीं, सीधे निकल जाएँगे। ड्राइवर से कह दिया, चौराहे पर रुकना नहीं, आज बहुत काम है, पान आगे कहीं खा लेंगे।

(क) हालदार साहब के दुःख का क्या कारण था?

(i) नेताजी की आँखों पर चश्मा न देखकर

(ii) नेताजी जैसे व्यक्तित्व का मज़ाक उड़ाने के कारण

(iii) नेताजी की मूर्ति के पास न रुकने के कारण

(iv) कैप्टन की मृत्यु हो जाने के कारण

(ख) हालदार साहब क्या सोच रहे थे?

(i) कैप्टन की मृत्यु हो गई होगी

(ii) नेताजी की आँखों पर चश्मा नहीं होगा

(iii) आज वहाँ रूकेंगे नहीं, पान नहीं खाएंगे

(iv) मूर्ति की ओर न देखकर सीधा निकल जाएँगे

(ग) सुभाष की प्रतिमा कहाँ प्रतिस्थापित थी?

(i) शहर के बीचो-बीच में। (ii) गाँव के बीचों-बीच में

(iii) गाँव से शहर जाने वाले मार्ग के बीच। (iv) कस्बे के चौराहे पर

(घ) देश की खातिर घर-गृहस्थी, जीवन-ज़िदगी सब कुछ छोड़ देने वालों के ऊपर कौन हंसता है?

(i) देशभक्तों का मजाक उड़ाने वाली बिकाऊ कौम

(ii) सच्चे देशभक्त

(iii) कैप्टन और पानवाला

(iv) हालदार साहव

प्रश्न 4- निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।1/2× 4=2

बिहसि लखन बोले मृदु बानी। अहो मुनीसु महाभट मानी।।

पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारु। चहत उड़ावन फूँकि पहारू॥।
इहाँ कुम्हड़बतिया कोइ नाहीं। जे तरजनी देखि मरि जाहीं।
देखि कुठारु सरासन बाना। मैं कछु कहा सहित अभिमाना।।
भृगुसुत समुझि जनेउ बिलोकी। जो कछु कहहु सह रिस रोकी।।
सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरे कुल इन्ह पर न सुराई।।

(क) परशुराम बार-बार अपना कुठार किसे और क्यों दिखा रहे हैं?

(i) राम को भयभीत करने के लिए। (ii) लक्ष्मण को भयभीत करने के लिए

(iii) विश्नामित्र को भयभीत करने के लिए। (iv) महाराज जनक को भयभीत करने के लिए

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों में से किस पंक्ति से लक्ष्मण के शक्तिशाली होने का पता चलता है?

(i) बिहसि लखनु बोले मृदु बानी। अहो मुनीसु महाभट मानी।।
(ii) पुनि-पुनि मोहि देखाव कुठारु। चहत उड़ावन फूँकि पहारू॥।
(iii) देखि कुठाह सरासन बाना। मैं कुछ कहा सहित अभिमाना।।
(iv) इहाँ कुम्हड़बतिया कोठ नाहीं। ते तरजनी देखि मरि जाहीं।

(ग) रघुकुल में किन-किन के प्रति अपनी वीरता का प्रदर्शन नहीं किया जाता है?

(i) देवता, ब्राह्यण, ईश्वर भक्त और गाय पर। (ii) स्त्रियों, बच्चों, ईश्वर भक्त और गाय पर

(iii) देवता, राजा, वीर योद्‌धा और स्त्रियों पर। (iv) स्त्रियों, बच्चों, राजा और गाय पर

(घ) उपर्युक्त पद्‌यांश में लक्ष्मण के चरित्र की कौन-सी विशेषता उजागर होती है?

(i) वीरता। (ii) धैर्य। (iii) शिष्टता। (iv) विनम्रता

प्रश्न 5- नीचे दिए गए छः प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2× 4=8

(क)‘बालगोबिन भगत’ पाठ के आधार पर बताइए कि आषाढ़ माह में गाँव के वातावरण में क्या परिवर्तन होते थे?

(ii)आत्मकथा सुनाने के संदर्भ में “अभी समय भी नहीं’ कवि ऐसा क्यों कहता है ?

(iii) कैप्टन चश्मे वाले की मृत्यु पर हालदार साहब की क्या स्थिति थी? ‘नेताजी का चशमा’ पाठ के आथार पर स्पष्ट कीजिए।

(iv)कवि की आँख फाल्गुन की सुन्दरता से क्यों नहीं हट रही है?

(V)कवि बादल से फुहार, रिमझिम या बरसने के स्थान पर ‘गरजने के लिए कहता है, क्यों?

(vi) क्या सनक का कोई सकारात्मक रूप हो सकता है? यदि हाँ तो ऐसी सनकों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 6- नीचे दिए गए दो प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए। 2× 1=2

(i)गंतोक को ‘मेहनकश बादशाहों का शहर’ क्यों कहा गया?

अथवा

(ii)कभी श्वेत तो कभी रंगीन पताकाओं का फहराना किन अलग-अलग अवसरों की ओर संकेत करता है?

प्रश्न 7- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1× 2=2

(i)लोंग स्टॉक में घूमते हुए चक्र को देखकर लेखिका को पूरे भारत की आत्मा एक-सी क्यों दिखाई दी?

(ii)आपके विचार से भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है?

प्रश्न 8-नीचे दिए गए चार बहुविकल्पीय तथा दो लघु उत्तरीय प्रश्न के उत्तर दीजिए।1× 6=6

(i) "कहीं साँस लेते हो घर-घर भर देते हो ' पंक्ति में निहित अलंकार है-

(क) उपमा। (ख) रूपक। (ग) यमक। (घ) मानवीकरण

(ii) निम्नलिखित में उत्प्रेक्षा अलंकार है-

(क) बादल, गरजो!

(ख) घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!

(ग) ललित ललित, काले घुँघराले

(घ) चित्रकूट जनु अचल अहेरी!

(iii)"चिरजीवो जोरी जुरे, क्यों न सनेह गंभीर, को घटि ए वृषभानुजा, वे हलधर के वीर ।"

(क) श्लेष। '(ख) उत्प्रेक्षा। (ग) यमक। (घ) रूप

(iv)'संदेसनि मधुवन – कूप भरे' में कौन-सा अलंकार है ?

(क) रूपक। (ख) उपमा। (ग) अनुप्रास। (घ) अतिशयोक्ति

(v) उपमा अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

(Vi) मानवीकरण अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 9-सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।
1/2× 4=2

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. यह वही पुस्तक है, जिसे मैं ढूँढ रहा था। | 1. सरल वाक्य |
| B. मैं पुस्तक ढूँढ रहा था। | 2. संयुक्त वाक्य |
| C. यह पुस्तक यहाँ थी और मैं उसे कमरे में ढूंढ रहा था। | 3. मिश्र वाक्य |
| D.मोहसिन ने मिठाई खरीदी, परंतु हामिद ने चिमटा खरीदा। | 4. संयुक्त वाक्य |

कूट

| | A B C D | | A B C D |
|---|---|---|---|
| (i) | 1 2 4 3 | (ii) | 3 1 2 4 |
| (iii) | 3 2 1 4 | (iv) | 4 3 2 1 |

प्रश्न 9-आप अभिनव कुमार हैं। आपके शहर में बर्ड फ्लू तीव्र गति से फैल रहा है, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग का (**5**)

ध्यान आकृष्ट कराने हेतु समाचार-पत्र के संपादक को अनुरोध करते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

अथवा

आप अनुराग जैन हैं। आपके मित्र का एस.एस. सी. परीक्षा के द्वारा क्लर्क पद पर चयन हुआ है। इस अवसर पर आप मित्र के लिए लगभग 40 शब्दों का शुभकामना एवं बधाई संदेश लिखिए।

प्रश्न 10- शूज कंपनी के मालिक की ओर से शूज़ की सेल का विज्ञापन 40 शब्दों में लिखिए।
(5)

अथवा

आप आलोक शर्मा/साक्षी शर्मा हैं। आपने किसी कंपनी से ऑनलाइन सामान मँगवाया था पर वह खराब निकला। कंपनी को सामान की जानकारी देते हुए सही सामान भेजने हेतु एक ई-मेल लिखिए। (शब्द-सीमा लगभग 100 शब्द)।